सिंथेटिक मावा की फैक्ट्री पकड़ी, पोरसा में नष्ट कराई 57 किग्रा मिठाई

नवभारत न्यूज

मुरैना, 11 अक्टूबर। दीपावली के त्योहार पर बिकने वाली मिठाईयां बनाने सिंथेटिक मावा बनाने वाली फैक्टरी शनिवार को गुढ़ा-चंबल में

पोरसा, मुरैना, जौरा में दूध डेयरी, दुकानों पर सैंपलिंग की कार्रवाई

पकड़ी गई। यहां से जौरा एसडीएम ने स्वयं फूड विभाग व पुलिस के साथ छापा मारा। यह फैक्टरी बिना रजिस्ट्रेशन अभिलाख सिंह सिकरवार निवासी गुढ़ा चंबल संचालित कर रहा था। मौके पर सिंथेटिक मावा बनाने में प्रयोग किया जाने वाला सामान रिफाइंड, एसिड, हाइड्रोजन, मिल्क पाउडर सहित अन्य सामग्री भी मिली। एसडीएम के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी अवनीश गुप्ता, महेंद्र सिरोहिया ने मौके पर पहुंचकर बरामद सामान के सैंपल लिए और फैक्टरी को सील्ड किया।

पोरसा में 40 किग्रा मिल्ककेक-17 किग्रा सोनपपड़ी नष्ट कराई : अंबाह एसडीएम रामनिवास सिकरवार ने अपनी मौजूदगी में पोरसा कस्बे में मिठाई दुकानों पर जाकर जांच की और घटिया गुणवत्ता का 40 किलो मिल्क केक और 17 किलो सोनपपड़ी नष्ट कराई। इससे पूर्व पोरसा में ही एक मिठाई दुकान सील्ड की गई। मुरैना में भी पनीर-मावा की दुकानों से सैंपल भरे गए।

मुरैना में दूध, पनीर मावा के लिए सैंपल

मुरैना में भी एसडीएम भूपेंद्र सिंह कुशवाह ने नगर निगम सीमा में संचालित दूध डेयरियों पर जांच जांच की। महादेव नाका पर संचालित हाकिम डेयरी के अलावा अन्य दूध डेयरियों पर खोआ, पनीर एवं दूध से बनने वाले अन्य पदार्थो के सैंपल लेकर जांच के लिए भोपाल लैब भेजे गए।

पोरसा में शाम 4 बजे से बड़ी कार्रवाई की। साधु सिंह तिराहा स्थित पार्वती बीकानेर मिष्ठान भंडार को बिना लाइसेंस संचालित पाए जाने पर सील किया गया। वहीं शिवा मिष्ठान भंडार से 17 किलो सोनपापड़ी जब्त कर नष्ट कराई गई और मिल्क केक का सैंपल लिया गया। अंबाह-पोरसा रोड से 40 किलो मिल्क केक जब्त कर पोरसा में नष्ट किया गया। कार्रवाई में अंबाह एसडीएम रामनिवास सिंह सिकरवार, तहसीलदार नवीन भारद्वाज, फूड विभाग के गिरीश राजौरिया और सतेंद्र सिंह तोमर, पटवारी सांतेश सिंह तोमर तथा नगर पालिका सीएमओ अवधेश सिंह सेंगर मौजूद रहे।

प्राइमरी स्कूल देवरा में शराब पीने वाला शिक्षक निलंबित

नवभारत इम्पैक्ट

वीडियो हुआ था वायरल, कलेक्टर के निर्देश पर डीईओ ने की कार्रवाई

मुरैना, 11 अक्टूबर। रामपुरकलां संकुल के देवरा गांव में स्थित प्राइमरी स्कूल की कक्षा में टेबल पर बैठकर शराब पीने वाले प्राथमिक शिक्षक लखुआराम जाटव को जिला शिक्षा अधिकारी एसके सक्सेना ने निलंबित कर दिया है। यहां बता दें कि प्राथमिक शिक्षक का स्कूल कक्ष के अंदर दो-तीन अन्य ग्रामीणों के साथ बैठकर शराब पीने का वीडियो सोशल मीडिया पर शुक्रवार को वायरल हुआ था। शिक्षक लखुआराम के निलंबन आदेश में डीईओ सुधीर सक्सेना ने कहा है कि वायरल वीडियो को कलेक्टर लोकेंद्र कुमार जांगिड़ ने गंभीरता से लेते हुए इस मामले में व्हाट्सएप के जरिए निलंबित करने के निर्देश जारी किए गए थे। चूंकि शिक्षक का यह कृत्य लोक सेवा की दृष्टि से अमर्यादित है, इसलिए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उन्हें विकासखंड कैलारस में अटैच किया गया है।

नवभारत में प्रकाशित खबर पर हुई कार्रवाई : देवरा गांव के प्राइमरी स्कूल में पदस्थ शिक्षक लखुआराम जाटव के स्कूल कक्ष के अंदर बैठकर शराब पीने के वायरल वीडियो को नवभारत ने उठाया था। नवभारत में 11 अक्टूबर को सरकारी स्कूल में बैठकर शराब पी रहे हेडमास्टर की खबर को प्रकाशित किया था। खबर को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर के निर्देश पर आरोपी शिक्षक के निलंबन की कार्रवाई डीईओ द्वारा की गई।

बहाल शिक्षक को नहीं कराया ज्वाइन, प्रभारी प्रधानाध्यापक निलंबित

शाप्रावि माता का पुरा में पदस्थ शिक्षक उत्तम सिंह खटीक को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा निलंबन से बहाल कर माता का पुरा की प्रभारी प्रधानाध्यापक वंदना कुशवाह को संबंधित की ज्वाइनिंग कराए जाने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन संकुल प्राचार्य के निर्देश पर भी प्रभारी प्राचार्य ने शिक्षक उत्तम कुमार को स्कूल में ज्वाइन नहीं कराया। इस पर डीईओ सुधीर सक्सेना ने मातापुरा स्कूल की प्रभारी प्रधानाध्यापक वंदना कुशवाह को निलंबित कर बीईओ ऑफिस कैलारस में अटैच करने के आदेश जारी किए हैं।

एक नजर में

कलेक्टर से मिले जिलाध्यक्ष तोमर, शिक्षा के उत्थान पर चर्चा

मुरैना, 11 अक्टूबर। मप्र शिक्षक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने बीते रोज नवागत कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर जांगिड़ को शुभकामनाएं दीं और शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए शिक्षकों की लंबित समस्याओं एवं विद्यालयों में संसाधनों की कमी जैसे विषयों पर चर्चा की। मुलाकात के दौरान जिलाध्यक्ष तोमर ने कहा कि शिक्षक निश्चिंत और सम्मानित महसूस करेंगे, तो शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक सुधार देखने को मिलेगा।

आज पोरसा कस्बे में 6 घंटे बिजली सप्लाई बंद रहेगी

मुरैना/पोरसा। मप्र विद्युत वितरण कंपनी पोरसा के सहायक यंत्री एई इंद्रेश्वर सिंह ने बताया कि आज 12 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक अति आवश्यक मेंटनेंस कार्य के चलते समूचे पोरसा नगर में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। सहायक यंत्री ने बताया कि 12 अक्टूबर को 33 केवी पोरसा एवं उपकेन्द्र पोरसा पर संधारण कार्य किया जाएगा। जिसकी वजह से 33 केव्ही पोरसा फीडर से विद्युत आपूर्ति 6 घंटे बंद रहेगी। इस कारण पोरसा कस्बे में अंबाह रोड, अटेर रोड, पोरसा रोड, खंडा रोड, जौटई रोड, किरायच रोड, धनेटा रोड सहित सिटी नंबर-1, 2 एवं 3 फीडर भी बंद रहेंगे। आवश्यकता अनुसार विद्युत कटौती के समय को घटाया व बढ़ाया जा सकता हैं।

आज मुरैना शहर में 7 फीडरों पर 5 घंटे बिजली सप्लाई बंद रहेगी

मुरैना। 132 केव्ही ईएचव्ही सबस्टेशन पर आवश्यक सुधार कार्य एवं आरडीएसएस योजना अंतर्गत कार्य किए जाने को लेकर आज 12 अक्टूबर को सुबह 10 से अपराह्न 03 बजे तक मुरैना शहर में 33 केवी फीडरों से विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। जिनमें 33 केव्ही मयूरवन, 33 केव्ही महाराजपुरा, 33 केव्ही वीरमपुरा, 33 केव्ही एमएस सिटी, 33 केव्ही जौरा रोड, इंडस्ट्रियल, 33 केव्ही जरेरूआ इंडस्ट्रियल और 33 केव्ही शिकारपुर फीडर से संबंधित क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। कार्य के आवश्यकता अनुसार समय में परिवर्तन भी किया जा सकता हैं।

खुले पड़े कुएं में गिरा गौवंश, गौसेवकों ने बाहर निकाला

मुरैना। शहर के सुभाष नगर स्थित एक खुले पड़े सूखे कुएं में शनिवार की सुबह एक आवारा गौवंश गिर गया। जिसे सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचें गौसेवकों ने रस्सी के सहारे सकुशल बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार गौसेवक रुद्रप्रताप सिंह को समाजसेवी कल्ला शर्मा ने सूचना दी कि सुभाष नगर में खुले पड़े एक कुएं में आवारा गौवंश गिर गया है। गौसेवक रुद्रप्रताप सिंह ने एसडीएम मुरैना एवं नगर निगम के अधिकारियों को सूचना दी और स्वयं गौसेवक पवन गुर्जर, हर्ष गौड़ रेस्क्यू का सामान लेकर मौके पर पहुंच गए। नगर निगम की टीम के पहुंचनें से पहले गौरक्षा दल के स्वयंसेवक रस्सी के सहारे कुएं में उतरे, जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से कुएं में गिरे गौवंश को रस्सी से बांधकर सकुशल बाहर निकाला।

आज व्यापार मंडल कृषि मंत्री कंषाना का सम्मान करेगा

मुरैना। व्यापार मंडल मुरैना के तत्वावधान में स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन आज 12 अक्टूबर को किया जाएगा। इस सम्मान समारोह में व्यापार मंडल द्वारा मप्र शासन के कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना का स्वागत और सम्मान किया जाएगा। सम्मान समारोह का आयोजन टीआर पुरम स्थित अग्रवाल सेवा सदन में दोपहर 1 बजे से होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यापार मंडल के संरक्षक रमेश गर्ग करेंगे। व्यापार मंडल के सचिव सुधीर गोयल ने बताया कि सम्मान एवं स्वागत समारोह में व्यापार मंडल एवं मिलर्स एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद रहेंगे।

विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे : मप्र के कृषिमंत्री ऐदल सिंह कंषाना 12 अक्टूबर को मुरैना शहर के भ्रमण पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना 12 अक्टूबर को सुबह 10 बजे व्हाइट हाउस से जिला चिकित्सालय मुरैना में पल्स पोलियो अभियान के कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद कृषि मंत्री निजी कार्यक्रम में जौरा रोड पर उपस्थित रहेंगे। मंत्री कंषाना सुबह 11 बजे महाराजा रिसोर्ट में जीएसटी बचत महोत्सव एवं आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान विधानसभा सम्मेलन सुमावली के कार्यक्रम में शामिल रहेंगे। इसके बाद वह दोपहर 12.45 बजे टीआरपुरम में व्यापार मंडल के कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

आज जौरा में निकलेगा आरएसएस का पथ संचलन

मुरैना/जौरा, 11 अक्टूबर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन 12 अक्टूबर को कस्बे में निकाला जाएगा। अजय सिकरवार.घनश्याम शर्मा ने बताया कि इस बार दो स्थानों से पथ संचलन निकाला जाएगा। नगर पालिका के बगल में स्थित टाउन हॉल से पथ संचलन का श्रीगणेश शाम 3 बजे से होगा। वही गांधी आश्रम से भी 3 बजे ही दूसरा पथ संचालन शुरू होगा। दोनों पथ संचलन का मिलन तिकोनिया पार्क पर होगा। दोनों पथ संचलन नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए गांधी आश्रम पहुंचेंगेए जहां पथ संचलन का समापन होगा।

अपहरण कर युवक की लाठियों से मारपीट कर जंगल में छोड़ा, हुई मौत

नवभारत न्यूज

मुरैना, 11 अक्टूबर। महिला को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने के संदेह में तीन दिन पूर्व युवक का अपहरण कर लाठी, डंडों

नूराबाद क्षेत्र में हुई घटना, पुलिस जांच में जुटी

से मारपीट की, जिसके बाद युवक को मरणासन्न हालत में दोरावली गांव के जंगल में छोड़ गए। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की शुक्रवार को मौत हो गई। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया।

जानकारी के अनुसार धर्मेन्द्र गुर्जर 32 पुत्र राजवीर सिंह गुर्जर निवासी देवरी सहराना हाल बमरौली विगत 8 अक्टूबर को सुबह 9 बजे बाइक पर सवार होकर बमरौली जा रहा था। रास्ते में उसे कार में सवार रब्बो गुर्जर, केशव, कपूरा, भारत गुर्जर निवासी दौरावली मिले। उन्होंने कार से धर्मेन्द्र की बाइक में टक्कर मारी, जिससे बाइक गिर पड़ी, जिसके बाद उन्होंने धर्मेन्द्र को जबरन कार में बैठाया और अपने साथ दौरावली गांव के जंगल में ले गए। जहां उन्होंने धर्मेन्द्र के साथ लाठी, डण्डे एवं सरियों से मारपीट की। धर्मेन्द्र को मरणासन्न हालत में छोड़कर आरोपी वहां से भाग निकले थे।

ग्रामीणों की सूचना पर नूराबाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जख्मी धर्मेन्द्र को जिला अस्पताल पहुंचाया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मर्ग कायम कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानिए क्या है पूरा मामला

बताया जा रहा है कि दौरावली गांव की एक महिला अपने मायके लक्ष्मणगढ़ से करीब तीन माह पूर्व अचानक गायब हो गई थी। ससुरालीजन को धर्मेन्द्र गुर्जर के ऊपर उसे अपने साथ ले जाने का संदेह था।

मुरैना में उमाकांत महाराज का सत्संग-नामदान कार्यक्रम कल

नवभारत न्यूज

मुरैना, 11 अक्टूबर। जय गुरुदेव बाबा उमाकांत महाराज का

तैयारियां अंतिम चरण में, शहर से गांव तक के लोगों को किया आमंत्रित

सत्संग व नामदान कार्यक्रम कल 13 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक मुरैना में होगा। यह कार्यक्रम मुरैना में अंबाह

बाईपास रोड पर स्थित आशीर्वाद रिसोर्ट में होगा। सत्संग एवं नामदान कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बाबा उमाकांत महाराज आज 12 अक्टूबर की शाम उज्जैन से मुरैना आएगें।

बाबा जयगुरुदेव संगत के सेवादार राजेंद्र कुमार शिवहरे ने बताया कि मानव में आपसी प्रेम और भाईचारा बढ़ाने तथा दुख-तकलीफ, मानसिक अशांति, शारीरिक बीमारी एवं आर्थिक परेशानियों को दूर करने का उपाय बताने के लिए वक्त गुरु बाबा उमाकान्त महाराज जगह-जगह कार्यक्रम करते हुए 13 अक्टूबर को मुरैना में आयोजित सत्संग व नामदान कार्यक्रम में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक प्रवचन करेंगे। सेवादार शिवहरे ने बताया कि बाबा जयगुरुदेव का कहना है कि सच्चे संत के दर्शन, सतसंग और आशीर्वाद से नहीं बनने वाला काम भी बन जाता है। जीवों के मुक्ति-मोक्ष व जन्म-मरण की पीड़ा से मुक्त करने का उपाय वक्त के संत सतगुरु के पास ही होता है। जप-तप, पूजा.पाठ और दान पुण्य बगैर समर्थ गुरु के यह सब निष्फल होता है।

नगर निगम अमले ने मुख्य बाजारों से हटाए अस्थाई अतिक्रमण

मुरैना, 11 अक्टूबर। नवागत कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देशों के बाद शनिवार को नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी एक्टिव मोड में दिखाई दिए। ननि कमिश्नर सतेन्द्र सिंह धाकरे के नेतृत्व में मदालखत दस्ते ने शहर के मुख्य बाजारों से दुकानदारों एवं हाथठेला चालकों द्वारा किए गए अस्थाई अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की।

महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी, नगर निगम आयुक्त सतेन्द्र सिंह धाकरे के नेतृत्व में नगर निगम का मदाखलत दस्ता शनिवार की शाम साढ़े छह बजे ओव्हर ब्रिज चौराहे पर पहुंचा। उनके द्वारा ओव्हर ब्रिज चौराहे से सदर बाजार में सड़क के दोनों ओर दुकानदारों एवं हाथठेला चालकों द्वारा किए गए अस्थाई अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की। सदर बाजार से अतिक्रमण हटाने के बाद मदाखलत दस्ते ने पंसारी बाजार, मारकंडेश्वर बाजार, छोटी बजरिया, सिकरवारी बाजार सहित अन्य प्रमुख बाजारों से भी अस्थाई अतिक्रमणों को हटाया। समाचार लिखे जाने तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी थी।

इनर व्हील ने बांटे कपड़े के थैले, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नवभारत न्यूज

मुरैना, 11 अक्टूबर। प्लास्टिक मुक्त मुरैना बनाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक बनाने के उद्देश्य से इनर व्हील क्लब की महिला सदस्यों ने शनिवार को मुरैना शहर में दो सैकड़ा से अधिक कपड़े से बने थैलों का वितरण किया।

क्लब की अध्यक्ष श्वेता माहेश्वरी के नेतृत्व में महिला सदस्य शनिवार की दोपहर शहर

में सब्जी मंडी क्षेत्र में गंगा पब्लिक स्कूल के सामने पहुंचीं। जहां उनके द्वारा आम नागरिकों, सब्जी विक्रेताओं, हाथठेला चालकों को कपड़े के बैग वितरित किए गए। इस दौरान आमजन को प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग न किए जाकर पर्यावरण का संरक्षण किए जाने का संदेश दिया। अध्यक्ष श्वेता माहेश्वरी ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण आज विश्व के सामने एक गंभीर चुनौती है। इस अभियान के माध्यम से नागरिकों को पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल बैग बांटना नहीं, बल्कि लोगों की सोच में परिवर्तन लाना है। जब हर व्यक्ति अपने स्तर पर छोटा कदम उठाएगा, तभी हम स्वच्छ और हरित भविष्य की ओर बढ़ पाएंगे। इस अवसर पर साक्षी गोयल, अंजलि जैन, स्वाती मंगल, आरती कोठारी, सविता जैन, पूजा मोदी, मधु गुप्ता, डॉ. मीरा प्रेमी, डॉ. रितु राठी आदि उपस्थित थे।

आम सूचना

श्रीमती रामा पत्नी श्री रामपती के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम जैतपुर नूराबाद, तहसील बामौर व जिला मुरैना (म.प्र.) में है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र .05 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र .75/1 एवं 76/1 ग्राम जैतपुर नूराबाद का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है और उक्त सम्पत्ति की वर्तुसीमा निम्न प्रकार हैं:- पूर्व-भूमि विक्रेता, पश्चिम-भूमि विक्रेता, उत्तर-रास्ता 20 फुट चौड़ा एवं दक्षिण-भूमि श्री हलूके है। उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री विक्रम सिंह, श्री दिलीप सिंह, श्री गोविन्द सिंह पुत्रगण श्री चंदन सिंह, श्रीमती कलावती पत्नी स्व. श्री चंदन सिंह, प्रेमा, उर्मिला पुत्रियां श्री चंदन सिंह के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्रीमती उर्मिला द्वारा उक्त सम्पति श्रीमती रामा पत्नी श्री रामपती को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र .एमपी25792024ए1619581 दिनांक 21.05.2024 से विक्रय की गई। श्रीमती रामा द्वारा उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार मोतीलाल ओसवाल होम फायनेंस लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरुद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. - भवन क्र .52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

श्रीमती सुमन अग्रवाल पत्नी श्री विनोद अग्रवाल के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पति भूखण्ड, स्थित परसराम नगर, तहसील व जिला मुरैना (म.प्र.) में है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र .14 (प्रताप वार्ड) में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र .2169/1/1/1/1/1 ग्राम लालौर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 860 वर्गफुट है और उक्त सम्पति की वर्तुसीमा निम्न प्रकार हैं:- पूर्व-रास्ता 20 फुट चौड़ा, पश्चिम-सम्पति दीगर, उत्तर-सम्पति सनत शर्मा एवं सुमित गुप्ता एवं दक्षिण-सम्पति चंदू अग्रवाल है। उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पति पूर्व में श्री आशाराम पुत्र श्री चिरौंजी, श्रीमती रामकली पत्नी स्व. श्री चिरौंजीलाल के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री आशाराम राठौर द्वारा सम्पति 6410 वर्गफुट एरिया श्री सिद्धार्थ सिंह गुप्ता पुत्र श्री सुरेश चंद्र गुप्ता, श्री सतन कुमार शर्मा पुत्र श्री प्रबोध कुमार शर्मा, श्री दिनेश सिंह यादव पुत्र श्री राधाकृष्ण, श्री सुमित कुमार गुप्ता पुत्र श्री अशोक कुमार गुप्ता एवं श्री चंद्रप्रकाश शर्मा पुत्र श्री वासुदेव प्रसाद शर्मा को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र .एमपी25792022ए1591355 दिनांक 03.06.2022 से विक्रय की गई। श्री सिद्धार्थ सिंह गुप्ता, श्री सतन कुमार शर्मा, श्री दिनेश सिंह यादव, श्री सुमित कुमार गुप्ता एवं श्री चंद्रप्रकाश शर्मा द्वारा उक्त सम्पति श्रीमती सुमन अग्रवाल पत्नी श्री विनोद अग्रवाल को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र .एमपी27आईजीआर 17912025ए100724407 दिनांक 18.08.2025 से विक्रय की गई। श्रीमती सुमन अग्रवाल द्वारा उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार मोतीलाल ओसवाल होम फायनेंस लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरुद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. - भवन क्र .52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710

जौरा-सबलगढ़ में मेडिकल स्टोर्स की जांच, कफ सीरप के सैंपल लिए

नवभारत न्यूज

मुरैना, 11 अक्टूबर। छिंदवाड़ा में अमानक कफसीरप से मासूम बच्चों की मौत के बाद ड्रग विभाग द्वारा जिलेभर में मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी श्रंखला में ड्रग निरीक्षक बीएल बिरथरिया ने जौरा एसडीएम शुभम शर्माए सबलगढ़ बीएमओ की मौजूदगी में दोनों ब्लॉक में दो-दो मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। हालांकि यहां प्रतिबंधित कफ सीरप तो नहीं मिला, लेकिन उससे मिलती-जुलती

एसडीएम, बीएमओ के साथ ड्रग इंस्पेक्टर ने किया निरीक्षण

कफसीरप के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए।

जानकारी के अनुसार ड्रग निरीक्षक ने जौरा कस्बे में मैसर्स राज मेडिकल स्टोर, नरेंद्र मेडिकल एजेंसी का निरीक्षण किया। इसी प्रकार सबलगढ़ तहसील क्षेत्र के मेडिकल गुरुकृपा मेडिकल, मां अन्नपूर्णा मेडिकल की जांच की। सिविल अस्पताल सबलगढ़ के बीएमओ डॉ. रेवानंद शर्मा उपस्थित थे। मेडिकलों का लगातार निरीक्षण कर प्रतिबंधित दवाओं के कॉम्बिनेशन की मिलती-जुलती दूसरी दवाओं के सैंपलों को परीक्षण एवं जांच के लिए औषधि परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

आधार टीवीएस पर ग्राहकों को मिलेंगी बेहतर सेवाएं : देसाई

नवभारत न्यूज

मुरैना, 11 अक्टूबर। टीवीएस मोटर कंपनी दुनिया की चौथी एवं

टीवीएस के नवीन शोरूम के शुभारंभ पर रीजनल मैनेजर सेल्स ने कहा

भारत में तीसरी सबसे बड़ी मोटर निर्माता कंपनी है। टीवीएस भारत की एकमात्र ऑटोमोबाइल कंपनी है, जिसके पास मोटरसाईकिल, स्कूटी, मोपेड समेत दोपहिया वाहनों की संपूर्ण रेंज उपलब्ध है। ईवी स्कूटर की केटेगरी में टीवीएस कंपनी का आई-क्यूब स्कूटर भारत में नंबर-1 है। मुरैना शहर में नवीन शोरूम आधार टीवीएस के शुभारंभ से अब ग्राहकों को बिक्री से लेकर सर्विसिंग तक बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

यह बात टीवीएस कंपनी के रीजनल मैनेजर सेल्स रविन्दर देसाई ने कही। श्री देसाई, शुक्रवार को आधार टीवीएस शोरूम के शुभारंभ मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहकर पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। शोरूम के उद्घाटन अवसर पर महामंडलेश्वर रिषी महाराज अंबाह, आधार ग्रुप ग्वालियर के कपूरचंद्र शर्मा, टीवीएस कंपनी के एरिया सर्विस मैनेजर विष्णुकांत सिंह, सुनील शर्मा उपस्थित थे। शहर में एमस रोड पर स्थित आधार टीवीएस शोरूम का उद्घाटन सुबह 11.30 बजे हुआ। कंपनी के एरिया सर्विस मैनेजर विष्णुकांत सिंह ने ऑटोमेटेड सर्विस शॉप एवं स्पेयर पार्ट्स काउंटर का फीता काटकर उद्घाटन किया। आधार टीवीएस के सुनील शर्मा ने बताया कि फेस्टिव सीजन में टीवीएस स्पोर्ट बाइक की खरीदी पर 2100 रूपये की छूट दी जा रही है। वहीं बेटियों या महिलाओं के नाम पर वाहन खरीदने वालों को भी 2100 रूपये की छूट का लाभ मिलेगा।